>

Title: Need to sanction scheme for providing piped natural gas in Jaipur city, Rajasthan.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): मैं माननीय प्रधानमंत्री जी व पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने देश में हर साल लगभग 5 लाख ग्रामीण महिलाओं को घरेलू प्रदूषण के कारण होने वाली मौत से बचाया है और यह सब प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के सफल क्रियान्वयन से संभव हो पाया है ।

मैं माननीय पैट्रोलियम मंत्री जी का 04 दिसम्बर, 2015 को जयपुर जिले के जोबनेर स्थित आसलपुर ग्राम में कोटा-जोबनेर बहुउत्पाद पाईप लाईन एवं जोबनेर संस्थापना को राष्ट्र को समर्पण के अवसर पर की गई घोषणा की ओर आकर्षित करना चाह रहा हूँ जिसमें आपने स्मार्ट शहरों के लिए चयनित जयपुर,अजमेर कोटा और उदयपुर में पाइप लाइन्स से गैस आपूर्ति करने की योजना थी, लेकिन अभी तक इस महत्वाकांक्षी स्मार्ट मिटी योजनान्तर्गत प्रथम चरण में चयनित जयपुर शहर पाइप लाइन्स के माध्यम से गैस आपूर्ति योजना अभी भी मूर्तरूप नहीं ले पाई है, जबकि जमीन पर तेल एवं गैस के उत्पादन में राजस्थान देश का सबसे बड़ा क्षेत्र बन गया है ।

अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहूँगा कि जयपुर में भी पाईप लाईन गेस आपूर्ति करने की योजना की स्वीकृति शीघ्र दे, जिससे जयपुरवासियों को पाईप लाईन द्वारा गैस मिले और उसका लाभ प्राप्त कर सकें ।